भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-1695
सोमवार, 2 मार्च, 2020/12 फाल्गुन, 1941 (शक)

बेरोजगारी संबंधी आंकड़े

1695. श्री दीपक बैजः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में बेरोजगारी संबंधी आंकड़े रखने के लिए वर्तमान में कौन सी प्रणाली है और क्या इस समय यह बेरोजगारी संबंधी सटीक जानकारी प्रदान कर रही है;

(ख) देश में कितने बेरोजगार लोग हैं;

(ग) क्या ऐसी कोई प्रणाली है जिसके अन्तर्गत बेरोजगार लोगों का पंजीकरण किया जा सके और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान किए जा सकें ताकि उन्हें बार-बार आवेदन पत्र न भरना पड़े और अतिरिक्त आवेदन शुल्क न देना पडे; और

(घ) यदि हां, तो इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क एवं ख): और अधिक बारंबार आधार पर श्रम बाजार में परिवर्तनों को मापने के उद्देश्य से, राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रमम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र एवं अखिल भारत स्तर पर शहरी क्षेत्रों हेतु श्रम बाजार के विभिन्न सकेंतकों के तिमाही परिवर्तन प्रदान करने तथा ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के लिए विभिन्न श्रम बल संकेतकों के वार्षिक अनुमान प्रदान करने के उद्देश्य से रोजगार-बेरोजारी संबंधी नियमित वार्षिक सर्वेक्षण नामतः आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) आयोजित करता है।

वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट 2017-18 के परिणामों के अनुसार, देश में सभी आयु के व्यक्तियों की सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर 6.1% है।

(ग एवं घ): सरकार ने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना को कार्यान्वित किया है, जिसमें एक ऐसा डिजिटल पोर्टल शामिल है जो गतिशील, दक्ष एवं सकारात्मक ढंग से योग्यता अनुरूप रोजगार हेतु रोजगार चाहने वालों एवं नियोक्ताओं के लिए एक राष्ट्र-व्यापी ऑनलाइन मंच प्रदान करता है तथा इसमें रोजगार चाहने वालों हेतु आजीविका संबंधी विषय-वस्तु का भंडार है। ये सेवाएं राष्ट्रीय करियर सेवा पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर ऑनलाइन उपलब्ध हैं।

*****